कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 31.03.2024

विषयः- अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 30.03.2024 को पुराना डाकखाना गली रविन्द्रपुरी से 01 अभियुक्त इमरान उर्फ पिल्ला पुत्र दारा निवासी- मियानी बस्ती रोहित नगर लंका वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष को 1.5 किलो अवैध गांजा (कीमती करीब 30 हजार रूपये) के साथ गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध विवरण/ आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 0106/2024 धारा- 8/20 NDPS ACT थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. इमरान उर्फ पिल्ला पुत्र दारा पता मियानी बस्ती रोहित नगर लंका वाराणसी उम्र करीब 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 30.03.2024 को स्थान- पुराना डाकखाना गली रविन्द्रपुरी, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी

1. अभियुक्त के कब्जे से 1.5 किलो अवैध गांजा (कीमती करीब 30 हजार रूपये) बरामद।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि साहब गांजा को मैं बिहार के एक व्यक्ति से लेकर आ रहा हूँ, जो सिर्फ माल देता है और कभी भी किसी को अपना नाम पता नही बताता। मैं इसे लाकर वाराणसी के अलग अलग जगह पर घूम घूम कर बेचता हूं और अपना जीवकोपार्जन करता हूं। आज रात को मैं इस गांजे को लेकर अस्सी घाट की तरफ बेचने जा रहा था कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया। साहब मुझे छोड़ दीजिए मैं बहुत गरीब परिवार से हूं तथा एक बार पहले भी जेल जा चुका हूं अब दुबारा नहीं जाना चाहता।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विकास कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी संकटमोचन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 गुलाबचंद यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अजीत कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

5. का0 तहसीन अहमद, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त,काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी ।